-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 14.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाए जा रहे अभियान "ऑपरेशन दहन" के तहत लगभग 40 लाख रुपए अनुमानित कीमत के कुल 149.2 किग्रा मादक पदार्थ (सूखा गांजा,स्मैक, डायजेपाम आदि) इंसीनरेटर मशीन (भस्मक भट्ठी) का प्रयोग कर नियमानुसार किया गया नष्ट।**

विवरण – श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्ण द्वारा एनडीपीएस एक्ट तहत अभियोगों में बरामद मादक पदार्थो के विनष्टीकरण/निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान**"ऑपरेशन दहन"** के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 14.04.2026 को क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजवीर सिंह गौर की उपस्थिति में जनपद के विभिन्न थानों में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के कुल 81 अभियोगों से सम्बन्धित लगभग 40 लाख रुपए अनुमानित कीमत के कुल 149.2 किलोग्राम बरामद मादक पदार्थो जिसमें सूखा गांजा-148.5 किलोग्राम, स्मैक-67 ग्राम, डायजेपाम/नशीला पाउडर-453 ग्राम को इंसीनरेटर मशीन (भस्मक भट्ठी) में जलाकर नियमानुसार नष्ट कराया गया। जिनमें थाना पैलानी के 43, कोतवाली नगर के 18, मटौंध के 09, तिन्दवारी के 08, कालिंजर के 02 व फतेहगंज के 01 एनडीपीएस एक्ट के अभियोग का माल जलाकर नष्ट कराया गया।